सुप्रभात
सोमवार 15.07.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 86
epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# पिकअप वैन-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**परियाणा रोड पर मची अफरा तफरी, वाहनों का आवागमन ठप**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमुआ मुख्य मार्ग स्थित परियाणा के पास रविवार की अहले सुबह बाइक और पिकअप वैन के बीच टक्कर में अरबाज अंसारी नामक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आवाज सुनकर कुछ दूर मौजूद लोग दौड़े घटनास्थल पहुंचे। हालांकि तब तक पिकअप वैन फरार हो गया था। जानकारी मिलने के बाद पचंबा थाना प्रभारी मंटू कुमार भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और जांच में जुट गए। कुछ पल के लिए परियाणा रोड पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों का आवागमन ठप पड़ गया। जानकारी के अनुसार जमुआ के मधवा गांव निवासी अरबाज अंसारी बाइक से अपने मामा को लाने जा रहा था। परियाणा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक पिकअप वैन से उसकी बाइक की जबरदस्त टक्कर हो गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इधर पचंबा थाना पुलिस से जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन भी घटनास्थल पहुंचे और शव देखते ही बिलख कर रो पड़े। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## स्पीड न्यूज

### कतरास हटिया के संचालक ने मारपीट का लगाया आरोप

**कतरास।** कतरास बाजार स्थित हटिया के संचालक रघुनाथपुर निवासी गणेश महतो ने कतरास थाना में आवेदन देकर हीरा महतो, सहदेव महतो, सदना महतो,डब्लू महतो, किशन महतो एवं शिबू प्रमाणिक पर प्रत्येक सप्ताह 5000 रुपये रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि कतरास हटिया की बंदोबस्ती नगर निगम द्वारा उनके नाम पर है। निगम द्वारा निर्धारित शुल्क लेकर हटिया का संचालन वह कर रहे हैं। आवेदन में कहा है कि रविवार को लगभग 7 बजे जब वह रसीद काट रहे थे, तभी अचानक आरोपियों ने रंगदारी स्वरूप 5000 रुपये की मांग की। विरोध करने पर लाठी से हमला कर दिया, जिससे वह घायल होकर गिर पड़े। उन लोगों ने जान मारने की नीयत से सिर पर मारा तथा पॉकेट से 6 हजार रुपये निकाल लिये। मामले को लेकर छानबीन जारी है।

### जहर खाकर दूधमुही बच्ची समेत मां ने दी जान



**दुमका।** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के धनकुट्टा गांव में रविवार को दिल दहला देने वाली घटना घटी। एक मां ने अपनी दूधमूही बच्ची को पहले जहर दिया। फिर खुद भी जहर खाकर मौत को गले लगा ली। घटना की वजह क्या है। यह पता नहीं चल पाया है। सूचना पर हंसडीहा पुलिस मौके पर पहुंच एक डेढ़ साल की बच्ची व उसके मां का शव बरामद किया है। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के धनकुट्टा गांव निवासी अलबिनुस मुर्मू की 18 वर्षीय पत्नी सुरुजमुनि मरांडी व उनकी डेढ़ वर्षीय पुत्री अंशु मुर्मू के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलने पर एसआई मनीष सिंह पुलिस बल के साथ मृतका के गांव धनकुट्टा पहुंच मां.बेटी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फूलों झानू मेडीकल कॉलेज दुमका भेज दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने जब घरवालों से पूछताछ की तो परिजनों ने बताया कि दोनों मां.बेटी की मौत जहर खाकर हुई है। आखिर किस वजह से जहर खा कर मां अपनी मासूम बच्ची के साथ जान दी। पुलिस उसका पता लगाने का प्रयास कर रही है। खबर लिखे जाने तक मृतका के घरवालों के द्वारा थाना में कोई आवेदन नहीं दिया गया था।

### चिटाही मारपीट मामले में दूसरे पक्ष के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज

**कतरास।** थाना क्षेत्र के चिटाही में 11 जुलाई को जमीन विवाद को लेकर मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष की केंदुआडीह निवासी नगीना भुईयां की पत्नी पूजा देवी की लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पत्र में डोमन महतो, सुरेश महतो व अन्य पर जातिसूचक शब्द बोलकर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। बरोरा पुलिस ने इस मामले में वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। इधर रविवार को बाघमारा के डी एस पी आनंद ज्योति मिंज ने बरोरा थाना एवं चिटाही पहुंचकर मामले की छानबीन की। मालूम हो कि इस मामले में एक पक्ष की घायल महिला नीरा देवी की शिकायत पर बरोरा थाने में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो सहित 11 नामजद व 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।इन सभी पर षडयंत्र के तहत जान मारने की नीयत से मारपीट का आरोप है।

## चोरी के आरोपी युवक को लोगों ने पकड़ पुलिस के हवाले किया

**ठाकुर कूल्ही में घटी चोरी की घटना**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** ठाकुर कूल्ही में चोरी के आरोपी युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर धनबाद थाना को सुपुर्द कर दिया। ठाकुर कुल्ही निवासी सुरेश सिंह ने धनबाद थाने में लिखित शिकायत की है। शिकायत में उन्होंने बताया कि शनिवार की रात लगभग 3 बजे 5 मोबाइल और 4500 रुपये लेकर युवक भाग निकला। भुक्त भोगी ने बताया कि जब चोर घुसा तो उनकी नींद खुल गई। देखा कि कोई घर में घुसा हुआ है। उसको दौड़ा कर पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह भाग निकला। बाद में उसका पीछा करते हुए उसके घर पर पहुंचा, जहां से पकड़ कर ठाकुर कुल्ही लाया। तलाशी ली तो उसके पॉकेट से एक मोबाइल बरामद हुआ। युवक सचिन कुमार सिंह पीपरकेला का रहने वाला है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह पहले भी साथियों के साथ कई घरों में चोरी कर चुका है। पकड़े जाने पर समाज के सामने माफी नामा लिख कर दिया था।

## ग्रामीणों ने की काटा पोखर के सौंदर्यीकरण की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** संताल हूल के ऐतिहासिक स्थल संताल काटा पोखर के प्रचार.प्रसार और स्थल का विकास को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को बैठक की। बैठक रानेश्वर प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत के अन्तर्गत बागजोबड़ा गांव में हुई। बैठक की अध्यक्षता सिमल हांसदा ने किया। बैठक में संताल काटा पोखर के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। संताल काटा पोखर ऐतिहासिक स्थल है। जो अंग्रेज सरकार के समय 1855 में संताल हूल के क्रांतिकारियों द्वारा कोलकाता जाने के क्रम में अंग्रेज सैनिकों ने संताल क्रांतिकारियों का नरसंहार किया गया था। अंग्रेज हुकूमत ने आदिवासी क्रांतिकारियों का नरसंहार कर उनके क्षत.विक्षत शरीर को पोखर में डुबो दिया गया था। जिसके बाद यह संताल काटा पोखर के नाम से जाना जाने लगा। बैठक में ग्रामीणों ने संताल काटा पोखर का पूर्ण विकास नहीं होने पर आक्रोश व नाराजगी व्यक्त किया। ग्रामीणों ने संताल काटा पोखर में संताल हूल के स्वतंत्रता सेनानी सिदो.कान्हू मुर्मूए चांद. भैरो मुर्मूए फूलो.झानो मुर्मू का प्रतिमा स्थापित करने का मांग किया। साथ ही तालाब के अधूरे चाहरदिवारी को घेरावए शहीद स्तम्भ बनाने और पूरा संताल काटा पोखर का सौंदर्यीकरण करने का मांग किया। ग्रामीणों ने निर्णय कि संताल काटा पोखर को लेकर पूरा पंचायत स्तर पर एक सामाजिक संगठन बनाया जायेगा और 22 दिसम्बर संताल परगना स्थापना दिवस के अवसर पर संताल काटा पोखर में सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बैठक में सुनील मुर्मूए राजकिशोर मरांडीए बैधनाथ मरांडीए ताम्बर बास्कीए रामधन मरांडीए दोनतो बेसराए दुमका टुडू आदि मौजूद थे।

## जमीन विवाद को लेकर मारपीट में घायल की मौत

**परिजन कर रहे दोषियों पर कार्रवाई की मांग, धनबाद पुलिस जांच में जुटी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के सदर थाना क्षेत्र बारामुरी खटाल के समीप जमीन विवाद में दो पक्ष के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक पक्ष के सुभाष यादव की मौत रविवार को इलाज के दौरान हो गई। मृतक के पुत्र मोटी यादव गंभीर रूप से घायल अवस्था में एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती है। बता दें कि शनिवार को सुभाष यादव अपनी जमीन पर बाउंड्री का काम करा रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के शिबू गोप, अभिषेक गोप, प्रफुल्ल गोप, शंकर गोप पहुंचे और रड से हमला कर दिया। मारपीट में सुभाष यादव और उनके बेटे को गंभीर चोट लगी थी। सुभाष यादव का शव पोस्टमार्टम हाउस लाया गया। परिजनों ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## चिटाही जमीन विवाद में कोयलांचल की राजनीति गरमाई

**कांग्रेस की अनुपमा सिंह के बाद जमशेदपुर पूर्वी के विधायक की हुई इंट्री**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** पिछले दिनों बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के चिटाहीधाम के समीप जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारीपट का मामला अब राजनीतिक रंग ले चुका है। बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह व कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह की इंट्री के बाद रविवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की भी इंट्री हुई। बियाडा के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी विजय झा के साथ उन्होंने मारपीट में जख्मी महिला नीरा देवी से एसएनएमएमसीएच में मुलाकात की। उसकी आपबीती सुनने के बाद श्री राय ने उन्हें कानूनी लड़ाई लड़ने में आर्थिक मदद देने का आश्वासन दिया। साथ ही राज्य सरकार से मिलकर त्वरित कार्रवाई कराने की बात कही। पत्रकारों से बात करते हुए श्री राय ने बताया कि पीड़िता के साथ जो कुछ हुआ, वह सुनकर रोंगटे खड़े हो गए। उन्होंने सांसद ढुल्लू महतो की ओर इशारा करते हुए कहा कि कोई व्यक्ति अपने पद का दुरुपयोग कर इस हद तक जा सकता है, जो लज्जा का विषय है। स्थिति में बदलाव हो, इसके लिए पीड़िता को यह लड़ाई जारी रखने तथा आर्थिक मदद की बात कही है। उन्हें कहा है कि वह अपनी परेशानी सोशल मीडिया पर भी पोस्ट करे। लोगों को बताए कि उनकी लड़ाई समाज के दबंग व्यक्ति के साथ है। वह खुद आर्थिक रूप से कमजोर हैं. परंतु समाज में बहुत से ऐसे लोग हैं, जो मदद के लिए आगे आयेंगे। उन्होंने कहा फिल्मों में देखा गया है कि माफिया, कोर्ट में गवाही देने वाले अपने विरोधियों पर गोली चलवा देता है। लेकिन अब यह समाज में सच हो रहा है। विधायक ने कहा कि इस मामले को लेकर उन्होंने धनबाद एसएसपी को भी फोन किया, लेकिन उनका फोन बंद था। अब बोकारो में डीआईजी से मिलेंगे और कार्रवाई तेज करने की मांग करेंगे। साथ ही लापरवाह थानेदार के खिलाफ भी एक्शन लेने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि धनबाद के उपायुक्त से कहेंगे कि राज्यपाल ने इस मामले में जो रिपोर्ट मांगी था, उसे जल्द भेजें। रातो रात 200 एकड़ जमीन पर कब्जा कैसे हो गया और उसके चारों ओर बाउण्ड्री वाल किसने कराई। यह बात सामने आनी चाहिए।

### आटो की टक्कर से घायल साइकिल सवार की इलाज के दौरान मौत

**दुमका।** सड़क दुर्घटना में घायल साईकिल सवार की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र के कड़बिंधा गांव के समीप शनिवार की देर शाम को घटी। जानकारी के अनुसार 33 वर्षीय साईकिल सवार धोबेय किस्कू को सप्ताहिक हाट से लौटने के दौरान आटो चालक ने ठोकर मार दी। गंभीर हालत में साईकिल सवार को फुलो.झानो मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। धोबेय किस्कू दोपहर में कड़बिंधा हाट गया था। शाम को वह साइकिल से वापस लौट रहा था। इसी क्रम में गांव से पहले तेज गति से जा रहे आटो ने साइकिल में ठोकर मार दी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## एक नजर में

### मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन समारोह में अव्वल छात्र-छात्राएं हुई सम्मानित



**कुमारधुबी।** मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन समारोह का आयोजन शिवली बाड़ी मध्य पंचायत की मुखिया अनामिका देवी व मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव के नेतृत्व में रविवार को बाणी मंदिर क्लब में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मैट्रिक और इंटरमीडिएट में 70 व 80 प्रतिशत अंक लाने वाले 28 छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके अभिभावक भी मौजूद थे। गर्मी, बरसात व ठंड में 24 घंटे काम में तत्पर रहने वाले बिजली मिस्त्रियों को मुखिया अनामिका देवी ने रेनकोट देकर सम्मानित किया। माही क्रिकेट क्लब कुमारधुबी के चैंपियन बच्चियों को भी सम्मानित किया गया।

### विधायक ने की पेंशनरों के आवास के पैनल रेट वृद्धि पर रोक लगाने की मांग



**मैथन।** निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने डीवीसी के चैयरमेन एम सुरेश कुमार से डीवीसी पेंशनरों के आवासों के पैनल रेट में वृद्धि पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। विधायक ने डीवीसी चेयरमैन को पत्र लिखा है। पत्र में विधायक ने कहा है कि विगत 3 अक्टूबर 2023 की बैठक में आपने पेंशनरों के आवासों के पैनल रेट पर पुनर्विचार का आश्वासन दिया था। बावजूद पेंशनरों के आवासों के पैनल रेट बढ़ाना सर्वथा अनुचित है। विधायक ने कहा है कि पेंशनरों के समक्ष उत्पन्न समस्या के निदान के लिए 20 जुलाई से पहले वार्ता करना जरूरी हो गया है। 20 जुलाई के पहले वार्ता निर्धारित करें और तब तक पैनल रेट वृद्धि आदेश को स्थगित रखें।

### साइबर अपराध पर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने पर मिल सकती है राहत

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से न्याय सदन में रविवार को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम झालसाए रांची के निदेर्शानुसार आयोजित हुई। कार्यक्रम मे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनूप तिर्की ने साइबर क्राइम एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर .1930 के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी में पीड़ित किसी अज्ञानता या लालच के कारण ही होता है। हमें किसी लालच में नहीं आना चाहिएए झांसा में आकर ओटीपीए एटीएम कार्ड पिन नंबर की जानकारी किसी को न दें।

## लापरवाही और अनदेखी साइबर अपराधियों को मिलता है मौका

**साईबर क्राईम पर सिविल कोर्ट में कार्यशाला**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** न केबल झारखंड बल्कि देश भर में साइबर क्राइम की बढ़ती संख्या और इसमें लिप्त एक्सपर्ट क्रिमिनलों की हरकतों से बचाने व सावधान रहने के उद्देश्य से आज सिविल कोर्ट में उपयोगी कार्यशाला का आयोजन किया गया। साइबर क्राइम के प्रकारए रोकथाम और बचाव के उपाय पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यशाला में साइबर सेल के प्रशिक्षित अधिकारी गौरव कुमार एवं जगरनाथ पंडित साईबर एक्सपर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ताए लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ताओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। साईबर एक्सपर्ट गौरव कुमार ने कहा कि यदि हम जागरूक रहेंए लालच में न आएं और डरने की बजाय सावधानियां बरतें तो साइबर अपराधी न तो ठग सकेंगे और न ही निजता को प्रभावित कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि बैंक वाले पासवर्ड या फिर खाते से संबंधित गोपनीय जानकारी नहीं पूछते हैं। विद्युत निगम के कर्मचारी अचानक रात में कनेक्शन नहीं काटते हैं। बिना डाले लॉटरी नहीं निकलती है और बेवजह पैसा आपके खाते में नहीं आ सकता है। सरकार का आपके खाते पर स्ट्रांग लॉक लगा है। साईबर एक्सपर्ट जगरनाथ पंडित ने कहा कि जब कोई साइबर अपराधी सोशल मीडिया अकाउंटए ओटीपीए पिन कोडए व्यक्तिगत चित्र या वीडियो जैसी व्यक्तिगत जानकारी अपने पास इक्कठ्ठा कर लेता है तो आप सामाजिक या आर्थिक रूप से असुरक्षित हो जाते हैं।कार्यशाला के विषय में जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि इंटरनेट की दुनिया अब साइबर अपराधियों के कारण सुरक्षित नहीं है। भले ही इंटरनेट लोगों के जीवन में बड़े बदलाव लाए हो लेकिन अब उतना ही खतरनाक साबित हो गया है। हर साइबर अपराधी लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। आपकी लापरवाही और अनदेखी ही साइबर अपराधियों को मौका देती है।आज इसी अपराध जुड़ी हर जानकारी दी गई ताकि अधिवक्ता व लोग किसी भी साइबर क्राइम का शिकार ना हो।

### साइबर क्राइम को कैसे रोकें

इंटरनेट सेवाओं का उपयोग करते समय साइबर अपराध के प्रकारों और रोकथाम के बारे में जागरूक होना उपयोगकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिसके पास व्यक्ति संगठन या सरकार के वेब खातों तक पहुंच हैए उसे संदिग्ध गतिविधियों से सावधान रहना चाहिए। साइबर अपराध को रोकने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए अपने ऑपरेटिंग सिस्टम को अपडेट रखें। अपडेटेड सॉफ्टवेयर्स एप्लीकेशन्स का इस्तेमाल करें।इंटरनेट एक्सेस के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों पर हमेशा एंटीवायरस का उपयोग करें और उन्हें अपडेट रखें। केवल वैध वेबसाइटों तक पहुँचने के लिए वेब ब्राउज़िंग रेलिंग सेट करें।मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें और उन्हें बदलते रहें।अलग.अलग प्लेटफॉर्म के लिए कभी भी एक ही पासवर्ड का इस्तेमाल न करें।स्पैम ईमेल में अटैचमेंटध्यूआरएल खोलने से बचें। ऐसे लिंक न खोलें जिनका सोर्स अज्ञात हो।

# गाजे-बाजे के साथ निकली प्रतिमा की नगर परिक्रमा यात्रा

## आज होगी प्राण प्रतिष्ठा : राधा-कृष्ण,बजरंगबली,घोड़े पर भगवान शंकर परिवार की झांकी ने भक्तों का मन मोहा

- जागृत मंदिर से निकली विशाल शोभायात्रा,उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़
- विशाल भंडारा, और रात्रि में विशाल जागरण का आयोजन









छाया : निकुंज कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** चीरागोड़ा स्थित जागृत मंदिर में रविवार को विशाल शोभा यात्रा आकर्षक झांकियो और बैंड बाजों के साथ नगर भ्रमण के लिए निकली गई। नगर भ्रमण में हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे शामिल थे। पुरुष के साथ महिलाओं ने भी गेरुआ पगड़ी बांध रखा था वही बंगाल से आए आकर्षक झांकी व रामगढ़ से आए सुनामी बैंड ने भी लोगों का मन मोहा । शोभा यात्रा में आगे आगे आतिशबाजी हो रही थी वही पीछे फूलों की बारिश भी की जा रही थी घोड़े पर सवार भगवान शंकर परिवार सहित सवार थे ,वही मंदिर में प्रतिष्ठित होने वाले देव प्रतिमाओं की तस्वीर भी झांकी के साथ चल रही थी ।

जय माता दी के जयकारे से पूरा इलाका गूंजायमान हो रहा था । नगर भ्रमण में धनबाद विधायक राज सिन्हा ,समाजसेवी कुंभनाथ सिंह ,पप्पू साव, वरिष्ठ अधिवक्ता अयोध्या प्रसाद ,अमरेंद्र सहाय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे जगह-जगह पर शोभा यात्रा का स्वागत शरबत ,कोल्ड ड्रिंक, फ्रूटी, पिलाकर किया जा रहा था । महिलाओं और बच्चों में गजब का उत्साह था। इस बाबत जानकारी देते हुए जागृत मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी अजय कुमार भट्ट ने बताया कि यज्ञ मंडप में सुबह 6:00 बजे से यज्ञ शुरू हुआ वैदिक मंत्रोचारों के बीच दोपहर 11:00 बजे मंदिर में स्थापित देव प्रतिमाओं का महा स्नान कराया गया इसके बाद शोभा यात्रा नगर भ्रमण को निकली । शोभा यात्रा मंदिर से निकलकर तेली पड़ा ,पार्क मार्केट, हीरापुर, रणधीर वर्मा चौक, कंबाइंड बिल्डिंग, बेकारबांध, डीआरएम चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची जहां संध्या 7:30 बजे भगवती जगदंबा भगवान रुद्र, बजरंगबली ,राधा रानी ,कृष्ण भगवान, भगवान राम ,लक्ष्मण, भगवती सीता की शयन आरती की गई।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारा तथा विशाल जागरण होगा। यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे के नेतृत्व में आचार्य धर्मेंद्र पांडे, सुनील पांडे, अखिलेश पांडे, गणेश शास्त्री ,रतन पांडे ,सौरभ दुबे ,विक्की मिश्रा, लवकुश पांडे, सत्यानंद पांडे ,ऋषभ कुमार ,सुमन पांडे ,श्रीकांत पांडे, नीतीश पांडे, द्वारा सस्वर रूद्री व चण्डी पाठ किया गया, यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे ने बताया कि सोमवार को सुबह 6:00 बजे से यज्ञ मंडप में यज्ञ शुरू हो जाएगा सुबह 11:00 बजे नगर के सभी लोगों को यज्ञ मंडप में आहुति प्रदान करेंगे आचार्यगण मंदिर में न्यास करते रहेंगे दोपहर 3:40 में शुभ योग व शुभ मुहूर्त में जगत जननी जगदंबा, शंकर भगवान, राम दरबार, राधा, कृष्ण , बजरंग बली , शिव लिंग, शीतला माता के प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा।

## नगर आयुक्त से गुहार लगाने के बाद भी नहीं बनी सड़क



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 के अंतर्गत महाबीर नगर के लोगों को बरसात में जीना मुहाल है। मुहल्ले के रामाधीर पाठक ने बताया कि एसके सिंह के घर से के के पाठक के घर तक सड़क नहीं होंने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अक्सर लोग रात के अंधेरे में गिरकर जख्मी हो जा रहे है। 200 मीटर सड़क नहीं होंने से हमलोग घर के बच्चों को बाहर नहीं निकलने देते है। ाह जमीन रैयती है, यह रेलवे के अंडर में नहीं है।

इसके बाद भी नगर निगम इसका निर्माण नही करा रहा है।इसे लेकर हमलोग नगर आयुक्त को आवेदन भी दे चुके है। लेकिन आज तक सड़क का काम शुरू नहीं हो सका है।

## लायंस क्लब ऑफ बाघमारा का पदस्थापना सह चार्टर नाइट समारोह

### चार नये सदस्यों को दिलाई गई शपथ, कई विद्यालयों को किया गया सम्मानित



**कतरास।** लायंस क्लब ऑफ बाघमारा का पदस्थापना सह चार्टर समारोह श्यामडीह कतरास स्थित द रिवाज में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जिलापाल सीमा वाजपेयी, पदस्थापन प्राधिकारी राजीव लोचन, उप जिला पाल शुभ्रा मजूमदार,पूर्व जिला पाल एस के मजूमदार,रीजन चेयरपर्सन कमल अग्रवाल, अध्यक्ष सुभाष चंद्र वर्णवाल वरिष्ठ सदस्य जय मंगल सिंह,डा राजेंद्र प्रसाद ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर संस्कार ज्ञानपीठ के छात्रों ने गणेश वंदना पर नृत्य किया। संचालन एस एन राय एवं डा मुकेश राय ने किया। मौके पर द्वितीय उप जिलापाल शुभ्रा मजूमदार, नीरजा राय, रेखा साहू, संजय मिस्त्री, एवं मिथिलेश तिवारी सहित चार नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई। निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष वर्णवाल ने संस्कार ज्ञानपीठ, लालचंद महतो मेमोरियल ट्रस्ट, हेलीवाल मोटर्स एवं नेहरू बालिका उच्च विद्यालय को क्लब के सहयोग हेतु स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नव पदस्थापित अध्यक्ष डा मुकेश कुमार राय ने समारोह में आए अतिथियों एवं अपने क्लब के प्रति आभार प्रकट किया।

## राष्ट्रीय सूड़ी समाज महिला मोर्चा के कार्यालय का उद्घाटन

**धनबाद।** कोलाकुसमा के मंडल मार्केट में रविवार को राष्ट्रीय सूड़ी समाज महिला मोर्चा के कार्यालय का उद्घाटन जिला अध्यक्ष सोनाली मंडल, जिला उपाध्यक्ष महुआ मंडल और जिला महामंत्री कल्पना मंडल ने संयुक्त रूप से किया।

जिला अध्यक्ष सोनाली मंडल ने कहा कि महिलाओं की मजबूती और सशक्तीकरण के लिए कार्यालय खोला गया है। धनबाद जिला में 11000 पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक रणबीर मंडल, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश मंडल, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रामू मंडल, प्रदेश विधि प्रमुख सागर मंडल, प्रदेश मंत्री विकास मंडल भी मौजूद थे।

रणबीर भारतीय ने कहा कि झारखंड प्रदेश में सूड़ी को अनुसूचित जाति घोषित न किये जाने से हमारा हक मारा जा रहा है और सरकारी नौकरियों में छूट से वंचित हो रहे हैं।

## सहायक अध्यापक 20 जुलाई से करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव

### कल्याण कोष की बैठक का किया बहिष्कार



**धनबाद।** जब भी राज्य के सहायक अध्यापक अपनी मांगों को लेकर अंदोलन पर रहे हैं, उसे कमजोर बनाने के लिए के लिए परियोजना परिषद् रांची द्वारा कल्याण कोष का लॉलीपॉप दिखा दिया जाता है। ऐसा 10 वर्षों से हो रहा है। परंतु इस बार संघर्ष मोर्चा ने कल्याण कोष की बैठक का बहिष्कार किया।

उक्त बातें संघर्ष मोर्चा के राज्य सदस्य निरंजन कुमार दे व सुशील पांडेय ने संयुक्त बयान में कही है। कहा गया कि इस बार मुख्यमंत्री आवास घेराव ऐतिहासिक होगा। हेमंत सरकार को अपना वादा अभिलंब पूरा करना होगा। बैठक में जिला सदस्य नरेश महतो, इकबाल शइद,प्रखंड सदस्य संतोष महतो, बिशु महतो जैनुल अंसारी,कल्याण चक्रवर्ती,राबीय खातून,श्याम सुन्दर गोस्वामी,कमल भंडारी,हलधर कुम्भकार,मागुर्बुल ओला खान,रीजवान,गिरीश सज्जाद,निमाई गोराई,श्रीकांत दता,अमजद अन्सारी,संजय उपाध्याय,उस्मान अन्सारी,राजु रविदास ,गणेश कुम्भकार थे।

## मऊ से हटिया तक चलेगी वन-वे स्पेशल ट्रेन, धनबाद के यात्रियों को होगा लाभ

**धनबाद।** मऊ से हटिया तक वन-वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का फैसला किया गया। गाड़ी सं. 05182 मऊ- हटिया वन- वे स्पेशल हाजीपुर- मुजफ्फरपुर- समस्तीपुर- बरौनी- जसीडीह- चितरंजन- धनबाद के रास्ते चलेगी। यह ट्रेन 15 जुलाई को मऊ जं. से 17.15 बजे खुलकर 21.10 बजे हाजीपुर 22.15 बजे मुजफ्फरपर, 23.30 बजे समस्तीपुर, रूकते अगले दिन 14.30 बजे हटिया पहुंचेगी।

## भ्रष्टाचार की जननी है झामुमो सरकार-सी पी चौधरी

**गोमो ।** बीते लोक सभा चुनाव में पांच साल क्षेत्र से नदारत रहने की चर्चाओ में रहे गिरिडीह सांसद सी पी चौधरी 18 वी लोक सभा में विजयी होने के उपरान्त क्षेत्र में लगातार उपस्थित दर्ज करा रहे हैं। । शनिवार को गोमो के साहू मौहल्ला के शीतला मन्दिर प्रांगण मे सांसद सी पी चौधरी का स्वागत किया गया । पूर्व जिला परिषद हीरामन नायक की अगुवाई में समर्थको ने उन्हे फुल माला पहना कर गुल्दस्ता भेट का स्वागत किया ।इस मौके पर उन्होने हेमन्त सरकार पर भ्रस्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है मुख्यमंत्री कुछ दिनों पूर्व जेल से बाहर हुए हैं ।उनके कार्य काल के मंत्री जेल में हैं । राज्य की जनता को झूठा सपना दिखाकर सत्ता हासिल करने वाली हेमंत सोरेन की सरकार अपना सपना साकार करने के लिए भ्रष्टाचार पैदा कर रही है ।जिला से लेकर प्रखंड तक के पदाधिकारी बेलगाम हो चुके हैऔर भ्रस्टाचार की जननी बने हुये हैं ।जनता की फरियादो को कोई सुनने वाला नहीं है ।सरकारी कार्यालयों दलाल हावी है।

## आदर्श सेवा समिति ने कई जगहों पर किया पौधरोपण



खबर मन्त्र सवाददाता

**मैथन।** मैथन आदर्श सेवा समिति (मास) ने रविवार को मैथन के विड्डिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया। समिति के सचिव शंकर गांगुली ने बताया कि इस वर्ष ड्डी समिति ने क्षेत्र की रांची कॉलोनी, मिनी मार्केट, नेताजी नगर, डीवीसी प्लस टू उच्च विद्यालय, गोगना छठघाट आदि स्थानों पर आम, पीपल, बेल, मेहगनी आदि के वृक्ष लगाए। पौधरोपण में मैथन ओपी प्रड्डारी आकृष्ट अमन, सीडब्ल्यूसी के निदेशक शशि राकेश, डीवीसी के पूर्व महाप्रबंधक रुद्रप्रताप सिंह, समिति के अध्यक्ष झामुमो नेता अशोक मंडल, डीवीसी प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य आईबी झा, समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन पाठक विकल, गोराचंद मंडल, अड्डिषेक राय, सम्पा राय,अंजना मुखर्जी, संगीता गांगुली, रेवा सेनगुप्ता, प्रमोद देवी, कोमल कुमारी,अंजली लाल, आईबी चौधरी, सुदामा शर्मा थे।

## पंचेत में क्रिएटिव आर्ट एकेडमी में पांचवीं तक के बच्चों ने दी परीक्षा



**कुमारधुबी।** पंचेत रोड स्थित बुटबाडी क्रिएटिव आर्ट एकेडमी परिसर में बच्चों ने रविवार को प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ बोर्ड के तहत छात्रों ने परीक्षा दी। पीपी एक से पांचवीं तक की परीक्षा हुई। कला शिक्षक तरुण भंडारी ने बताया कि क्रिएटिव एकेडमी विगत 7 वर्षों से क्षेत्र में कला के प्रति रुचि रखने वाले बच्चों को प्रशिक्षण देता आ रहा है। पढ़ाई-लिखाई के साथा कला के शिक्षक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कला के जरिये बिना कहे बातों को समझाया जा सकता है। बच्चों में फोन से अलग कला के प्रति रुचि हो तो उनके लिए अच्छा होगा।

# काला हीरा में बही सांस्कृतिक मूल्यों एवं शास्त्रीय नृत्य की रसधार

## अब देश का बड़ा राष्ट्रीय मंच बनता जा रहा है काला हीरा: राजेंद्र प्रसाद





खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कोयला नगर, सामुदायिक भवन में आठवां सांस्कृतिक कार्यक्रम काला हीरा रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। काला हीरा के निदेशक राजेंद्र प्रसाद ने एहसास अनुभूति की निर्देशक सरसी चंद्रा, नाट्य संघ की मिताली मुखर्जी एवं अन्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत शिवानी पंडित ने गणेश वंदना नृत्य से की। स्थानीय एवं अन्य राज्य के कलाकारों ने भरतनाट्यम,ओडिशी, वेस्टर्न, शास्त्रीय, समूह शास्त्रीय नृत्य में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

नन्हे कलाकारों में आजमगढ़ की पाखी गुप्ता का हरियाणवी लोकगीत घुंघरू तोड़ के मानूंगी, रिमझिम प्रजापति, मानस्वी मिश्रा की समूह ने शास्त्रीय नृत्य,आर्यन डांस ऑफ ग्रुप धनबाद और क्रेडेंजा ग्रुप ऑफ क्रेडो स्कूल के बच्चों ने अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन किया। दूसरे दिन की निर्णायक मंडली में अलका सिंह शर्मा (अंतरराष्ट्रीय रंग महोत्सव की आयोजक, डायरेक्टर नाटरांजलि थियेटर आर्ट्स) फिल्म मेकर एंड सिंगर गौरव शर्मा (डायरेक्टर डी मीडिया प्रोडक्शन आगरा) थे।

### अतिथियों ने की आयोजक की सराहना

आजमगढ़ की हुनर संस्था के निदेशक सुनील दत्त विश्वकर्मा ने कहा कि पिछले 7 सालों से निरंतर काला हीरा में हमारी टीम आ रही है।

इस कार्यक्रम के जरिये कोयला नगरी अब कला नगरी बनती जा रही है। साथ ही कई राज्यों के कलाकार कोयला नगरी से रूबरू हो रहे हैं। वाराणसी की वैष्णवी रूपम कला संगम संस्था के निदेशक ने कहा कि हर वर्ष आता हूं, पहले काला हीरा एक आयोजन था,अब यह त्योहार हो चुका है।

काला हीरा के निदेशक ने कहा कि युवाओं के बढ़ते लगाव के कारण काला हीरा बड़ा राष्ट्रीय मंच बनता जा रहा है। अगले दो दिन धनबादवासियों को शानदार व मनोरम नृत्य, नाट्य एवं लोक कला की प्रस्तुति देखने को मिलेगी।

### कलाकारों का हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर

पारस हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से कलाकारों, अतिथियों व अभिभावकों के लिए स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया। जांच टीम में मैनेजर वैभव प्रसाद और सहयोगी शास्त्री आनंद, मनीला और शर्मिष्ठा थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुंदन,99 ग्रुप का ऑफ कंपनीज के महेश मोदी, काला हीरा के एसोसिएट सह कला निकेतन के निर्देशक वशिष्ठ प्रसाद सिन्हा, क्लब इंडिया के निर्देशक संतोष रजक थे।

